दिन– गुरूवार दिनांक– 28 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. बिहार पुलिस मुख्यालय का अलर्ट – पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश–ए–मोहम्मद के तीन आतंकी नेपाल के रास्ते राज्य में घुसे।

02. दरभंगा में आयोजित वोटर अधिकार यात्रा के दौरान राजद और कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ एनडीए के नेताओं ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई।

03. राजगीर में कल से शुरू हो रही है एशिया कप हॉकी चैंपियनशिप। भारत, बांग्लादेश और चीन समेत आठ देश ले रहे हैं भाग।

04. और, प्रदेश के विभिन्न भागों में गंगा, गंडक, बूढी गंडक और कोसी समेत सभी प्रमुख नदियों के जलस्तर में एक बार फिर बढ़ोतरी।

---

बिहार पुलिस मुख्यालय ने अलर्ट जारी कर बताया है कि पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश–ए–मोहम्मद के तीन आतंकी नेपाल के रास्ते बिहार में घुसे हैं। इनमें रावलपिंडी निवासी हसनैन अली, उमरकोट निवासी आदिल हुसैन और बहावलपुर निवासी मोहम्मद उस्मान शामिल हैं। पुलिस ने तीनों आतंकियों की तस्वीरें और पासपोर्ट से जुड़ी जानकारी भी साझा की है। बताया जा रहा है कि ये आतंकी अगस्त के दूसरे हफ्ते में काठमांडू पहुंचे और तीसरे हफ्ते में नेपाल बॉर्डर से बिहार में दाखिल हुए। खुफिया एजेंसियों का मानना है कि ये आतंकी देश के किसी भी हिस्से में बड़ी वारदात को अंजाम दे सकते हैं। इस सिलसिले में पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों खासकर सीमावर्ती जिले सीतामढ़ी, मधुबनी, पश्चिम चंपारण, अररिया, किशनगंज और सुपौल में चौकसी बढ़ा दी है।

इधर, कटिहार रेल पुलिस अधीक्षक हरिशंकर कुमार ने बताया कि खुफिया विभाग से सूचना मिलने के बाद नॉर्थ ईस्ट रेलवे के अठारह रेलवे स्टेशनों को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

–––बाइट–––

---

दरभंगा में आयोजित वोटर अधिकार यात्रा के दौरान राजद और कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ एनडीए के नेताओं ने कड़ी आलोचना की है।

---

केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा कि गाली–गलौज करना कतई स्वीकार नहीं है।

–––बाइट–––

---

एसआईआर के मुद्दे पर जदयू के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने आरोप लगाया कि विपक्ष चाहता है कि फर्जी लोगों को वोट देने का अधिकार मिले।

–––बाइट–––

---

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि कांग्रेस और राजद के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए जिस तरह के अपशब्दों का प्रयोग किया, वह लोकतंत्र को शर्मसार करने वाला है।

–––बाइट–––

---

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि गुजरात मॉडल उन्नति का मॉडल है।

–––बाइट–––

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि वोट चोरी की बात करना बिहारियों का अपमान है।

–––बाइट–––

---

एनडीए के विधानसभावार कार्यकर्ता सम्मेलन का दूसरा चरण आज से शुरू हुआ। यह चरण तीस अगस्त तक चलेगा। कार्यकर्ता सम्मेलन के लिए एनडीए नेताओं की चौदह टीमें बनायी गयी हैं। इस टीम में गठबंधन के सभी घटक दलों के नेता शामिल हैं। आज बरारी, पिपरा, बेलदौर, मोरवा, राजपुर, फारबिसगंज, गरखा और आरा में सम्मेलन का आयोजन हुआ। आरा में आयोजित सम्मेलन में केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय, बिहार सरकार में पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, भाजपा विधायक एवं पूर्व विधायक, जदयू समेत सभी घटक दलों के नेता शामिल हुए। कार्यकर्ता सम्मेलन में पूरी मजबूती से चुनाव लडने और जीतने का संकल्प लिया गया।

---

प्रदेश में चल रहे मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण, एसआईआर के तहत दावों, आपत्तियों और दस्तावेज जमा कराने के लिए अभी पांच दिन शेष हैं। चुनाव आयोग ने ताजा बुलेटिन जारी कर कहा है कि राज्य में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत भाकपा माले की ओर से **उनासी** दावे और आपत्तियां दर्ज कराई गयी हैं, जबकि राजद की ओर से पहली बार आवेदन दिये गये हैं। **छह** राष्ट्रीय राजनीतिक दलों ने अब तक कोई दावा–आपत्ति दर्ज नहीं कराई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि प्रारूप प्रकाशन के बाद अभी तक **एक लाख पंचानवे हजार आठ सौ दो** निर्वाचकों से सीधे दावा आपत्ति के आवेदन प्राप्त हुए है। इनमें से **चौबीस हजार नौ सौ इक्यानवे** मामलों का निपटारा कर दिया गया है। इसके साथ ही अठारह वर्ष और अधिक उम्र के **आठ लाख इक्यावन हजार** से अधिक नये मतदाताओं ने सूची में अपना नाम जोड़ने के लिए आवेदन दिया है। दावा–आपत्ति की अंतिम तिथि एक सितम्बर है। तीस सितंबर को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी।

---

सीपीआईएमल के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने आरोप लगाया है कि गरीब और वंचित लोगों का नाम मतदाता सूची से काट दिया गया है। श्री भट्टाचार्य ने मोतिहारी में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि चुनाव आयोग को सोच–समझकर मतदाता सूची को अंतिम रूप देना चाहिए।

–––बाइट–––

---

राजगीर में कल से एशिया कप हॉकी चैंपियनशिप शुरू हो रही है। इसमें भारत और बांग्लादेश समेत आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं। फाइनल मैच सात सितम्बर को खेला जाएगा। कल चीन के साथ होने वाले मुकाबले के लिए भारतीय टीम पूरी तरह तैयार है। भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमन प्रीत सिंह ने कहा कि पूरी टीम जीत की रणनीति के साथ उतरेगी।

———बाइट———

---

केंद्र सरकार ने भागलपुर से जमालपुर तक तीसरी रेल लाईन के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इसके निर्माण पर एक हजार एक सौ छप्पन करोड़ रूपये की लागत आयेगी। इस परियोजना को तीन वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य है। तीसरी रेललाईन के निर्माण हो जाने से इस मार्ग पर ट्रेन यात्रा सुगम होगी और माल ढुलाई की क्षमता भी बढ़ेगी।

---

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने देश के स्कूलों से पांच से पन्द्रह वर्ष के बच्चों के लिए समय पर आधार अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट सुनिश्चित करने को कहा है। प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश कुमार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर इससे संबंधित शिविर आयोजित करने का अनुरोध किया है। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यूआईडीएआई और शिक्षा मंत्रालय ने लगभग 17 करोड़ बच्चों के लिए यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस प्लेटफॉर्म पर आधार में लंबित अपडेट को सुगम बनाने के लिए सहयोग किया है। यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस, स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के अंतर्गत एक शैक्षिक प्रबंधन सूचना प्रणाली है और स्कूली शिक्षा से संबंधित आँकड़े एकत्र करती है। प्राधिकरण और स्कूली शिक्षा विभाग की इस संयुक्त पहल से बच्चों के बायोमेट्रिक को अपडेट करने में काफी सहायता मिलने की सम्भावना है। अमन की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष, से आनंद पाठक।

---

प्रधानमंत्री जन धन योजना को आज ग्यारह वर्ष पूरे हो गए हैं। यह दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहलों में से एक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पन्द्रह अगस्त दो हजार चौदह को लाल किले की प्राचीर से इस पहल की घोषणा की थी। एक रिपोर्ट––

———रिपोर्ट––

प्रधानमंत्री जन धन योजना वित्तीय समावेशन पर एक राष्ट्र मिशन है। इसका उद्देश्य व्यापक वित्तीय समावेशन लाना है और देश के सभी परिवारों को बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना है। प्रधानमंत्री जन धन योजना प्रत्येक परिवार के लिए एक बुनियादी बैंकिंग खाते, वित्तीय साक्षरता, ऋण बीमा और पेंशन सुविधा तथा बैंकिंग सुविधाओं तक पहुंच के लिए एक मंच प्रदान करती है किसी भी बैंक शाखा या बिजनेस कॉरस्पॉडेंट बैंक मित्र आउटलेट में शून्य शेष राशि पर खाता खोला जा सकता है। प्रत्येक बैंक खाता बैंकों की कोर बैंकिंग प्रणाली पर आधारित है। अनुपम मिश्र के साथ अमन यादव, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

---

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान मॉनसून की गतिविधि कमजोर रही। राज्य के उत्तर–मध्य भागों के कुछ स्थानों, उत्तर–पश्चिम, उत्तर–पूर्व, दक्षिण–मध्य और दक्षिण पूर्व भागों के एक या दो स्थानों में हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा दर्ज की गयी। मधुबनी जिले में सबसे अधिक तिरेपन दशमलव पांच मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन से चार दिनों के दौरान राज्य के अधिकांश भागों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है।

---

प्रदेश के विभिन्न भागों में गंगा, गंडक, बूढी गंडक और कोसी समेत सभी प्रमुख नदियों के जलस्तर में एक बार फिर बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर बक्सर में खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। पटना के मनेर, दीघा घाट और गांधी घाट में गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है। भागलपुर के कहलगांव में भी गंगा नदी लाल निशान से ऊपर बह रही है। वहीं, पुनपन नदी का जलस्तर पटना के श्रीपालपुर में खतरे के निशाने से एक मीटर ऊपर है। बूढ़ी गंडक नदी का जलस्तर खगड़िया में खतरे के निशान को पार कर गया है। कोसी नदी का जलस्तर कटिहार के कुर्सेला और खगड़िया के बलतारा में लाल निशान से ऊपर है।

---

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने कहा है कि भारत में न्याय एवं दंड व्यवस्था आदिकाल से चली आ रही है। श्री खां आज दरभंगा स्थित ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय में प्राचीन और आधुनिक दंड व्यवस्था– एक विमर्श विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि जहां मत्स्य न्याय नहीं है वहां धर्म का शासन है। संगोष्टी को राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी और सांसद गोपाल जी ठाकुर ने भी संबोधित किया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. बिहार पुलिस मुख्यालय का अलर्ट – पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश–ए–मोहम्मद के तीन आतंकी नेपाल के रास्ते राज्य में घुसे।

02. दरभंगा में आयोजित वोटर अधिकार यात्रा के दौरान राजद और कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ एनडीए के नेताओं ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई।

03. राजगीर में कल से शुरू हो रही है एशिया कप हॉकी चैंपियनशिप। भारत, बांग्लादेश और चीन समेत आठ देश ले रहे हैं भाग।

04. और, प्रदेश के विभिन्न भागों में गंगा, गंडक, बूढी गंडक और कोसी समेत सभी प्रमुख नदियों के जलस्तर में एक बार फिर बढ़ोतरी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।